संपादकीय

नेकी के साथ मिला इल्जाम

पिछले दिनों चंडीगढ़ जाना हुआ। इस शहर की यात्रा से पहले या नजदीक पहुंचकर ड्राइवर गाड़ी के कागजों पर एक नजर डाल ही लेता है क्योंकि चंडीगढ़ की ट्रैफिक पुलिस काफी एक्टिव रहती है। पता नहीं चलता कब किस जगह रोककर कागजात चेक करना चाहे। गाड़ी का नंबर बाहर का हो, तो चालान का खतरा और भी रहता है। पहुंचने से पहले कागज चेक किए तो पता चला कि प्रदूषण सर्टिफिकेट अगले दिन रीन्यू होना था। इत्तेफाक से पेट्रोल पंप नजदीक ही मिल गया, जिसमें प्रदूषण जांच की सुविधा थी। मैंने सोचा, चलो चालान से बचने का जुगाड़ तो हो गया। प्रदूषण जांच बूथ पर पहुंचा तो एक सज्जन अपनी छोटी सी कार कभी बूथ के सामने, तो थोड़ा पीछे, थोड़ा दाएं या बाएं किए जा रहे थे। एक महिला भी गाड़ी में बैठी थीं। तीन-चार कोशिशों के बाद भी जब कार फिर से आगे-पीछे करनी पड़ी, तो मुझे लगा कि गाड़ी या तो किसी नौसिखिए के हाथ है, या फिर कोई बुजुर्ग चला रहे हैं। बूथ पर सर्टिफिकेट देने वाले कर्मचारी के हिसाब से कार ऐसी जगह पार्क नहीं हो पा रही थी, जिससे कार की पिछली नंबर प्लेट कैमरे की जद में आ सके।

एक-दो बार फिर चालक को परेशान हुए तो कार से उतरकर मैंने देखा कि एक बुजुर्ग कार की ड्राइवर सीट से बाहर निकल रहे हैं। बूथ वाला कर्मचारी उनसे बोला, 'गाड़ी तो आपने अभी भी ठीक से नहीं लगाई है।' हिचकिचाते हुए बुजुर्गवार बोले, 'एक तो उधर वो गाड़ी खड़ी है, वो फंसा रही है। ऐसे में मैं तो इसे ऐसे ही लगा सकता हूं।' बात उनकी सही थी। कार पार्किंग में सबसे मुश्किल काम गाड़ी पीछे की तरफ चलाना ही माना जाता है। फिर गाड़ी सीखने के बाद किया गया अभ्यास और बढ़ती उम्र भी दुविधा बन सकती है। खैर, उनकी कार का सर्टिफिकेट बन गया और वह चले गए। अब मैंने अपनी गाड़ी जांच के लिए खड़ी की। बूथ पर खड़े युवक मैं बोला, 'आप ही इन बुजुर्गवार की मदद कर देते? उन्हें काफी वक्त लग गया।' उसने कहा, 'सर, हमें ऐसा करने की इजाजत नहीं है।' मैंने फिर कहा, 'एकाध बुजुर्ग की मदद करने में कोई हर्ज तो है नहीं।' युवक बोला, 'आपकी बात ठीक है सर। पर कुछ दिन पहले की बात है, मैंने यहीं पर एक कार वाले की मदद की थी। काफी कोशिश के बावजूद उनसे गाड़ी पार्क नहीं हो रही थी, बल्कि एक बार तो दूसरी गाड़ी के साथ टकराने से भी बची थी। मदद करने के बावजूद उन्होंने मुझ पर इल्जाम लगा दिया कि गाड़ी में रखे पांच सौ रुपये कहां गए? मुझे अपने मालिक से भी खूब डांट पड़ी।'

बूथ वाले ने बताया कि फिर अगले दिन आकर उस व्यक्ति ने माफी मांगते हुए बताया कि वह पैसे उनकी प ी ने उठा लिए थे। मैंने उनसे कहा कि मुझ पर इल्जाम लगाने से पहले अपनी प ी से पूछना चाहिए था, तो वह चुपचाप चले गए। मेरी नौकरी जाते जाते बची। बूथ वाले की बात सुनकर मुझे एहसास हुआ कि इंसान का व्यवहार अभी भी बहुत प्रदूषित है। किसी की, किसी भी तरह की मदद करने से पहले अच्छी तरह सोच लेना चाहिए। सबसे पहले अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाते हुए, खुद को किसी भी अनहोनी से सतर्क और सुरक्षित रखना जरूरी है। कई बार छोटी सी गलती या अच्छे मन से की गई भलाई भी गले पड़ सकती है।

- संतोष उत्सुक

बच्चों को स्वस्थ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने पर यूनीसेफ और फेसबुक का समझौता

नई दिल्ली। यूनीसेफ इंडिया और फेसबुक ने आज बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए एक-वर्षीय संयुक्त कार्यक्रम को शुरू करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इस भागीदारी के तहत बच्चों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन एक सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाएगा। इसका लक्ष्य डिजिटल दुनिया तक सुरक्षित पहुंच के लिए बच्चों के लचीलेपन और क्षमता को बेहतर बनाना, बच्चों के खिलाफ हिंसा और बच्चों, परिवारों एवं समाजों पर इसके प्रभाव पर जागरूकता बढ़ाना, साथ ही साथ हिंसा को बेहतर ढंग से रोकने और प्रतिक्रिया देने के लिए समुदायों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के कौशल में वृद्धि करना है। यह भागीदारी में एक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया जागरूकता अभियान, एवं ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता और मनोसामाजिक समर्थन पर 100,000 स्कूल छात्रों के लिए क्षमता निर्माण भी शामिल होगा।

यूनीसेफ इंडिया डिप्टी रिप्रजेंटेटिव प्रोग्राम यसुमासा कीमूरा ने इस मौके पर कहा, कोविड-19 महामारी ने बच्चों के लिए, चाहे वह ऑनलाइन हों या ऑफलाइन, हिंसा का सामना करने की संभावना को और बढ़ा दिया है। बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयासों को स्वीकार करते हुए, यह महत्वपूर्ण है विभिन्न हितधारक एक साथ आएं और बच्चों के खिलाफ हिंसा कैसे, कब और कहां के आसपास जागरूकता बढ़ाने, व्यवहार और धारणाओं में बदलाव लाने के लिए काम करें। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हिंसा को बेहतर ढंग से समझने और सबसे प्रभावी तरीकों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में फेसबुक के साथ भागीदारी बच्चों के बढ़ने, सीखने और फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित ऑनलाइन और ऑफलाइन दुनिया को आकार देने में मददगार होगी।

फेसबुक हेड ऑफ प्रोग्राम्स एंड आउटरीच मधु सिरोही ने कहा, महामारी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को अपनाने के लिए बहुत अधिक प्रेरित किया है। ऑनलाइन बनने से युवाओं को कई सारे विकल्प मिलते हैं। यह उन्हें स्व-नियंत्रण और लचीलापन जैसे कौशल सिखाता है, जो उन्हें निर्णय लेने में मदद कर सकता है, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने का नेतृत्व करेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा

» इन दो अहम खिलाड़ियों की वापसी

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में तेज गेंदबाज केमार होल्डर और मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज बल्लेबाज शमराह ब्रूक्स की वापसी हुई है। इसके अलावा तेज गेंदबाज शैनन गैब्रियल को फिट होने के लिए समय दिया गया है और वे इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। लेफ्ट हैंड बल्लेबाज डैरेन ब्रावो को वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने आराम दिया है, क्योंकि वे लंबे समय से टीम के बायो बबल में हैं। वेस्टइंडीज ने इस घरेलू सीरीज के लिए टीम की कमान क्रैग ब्रैथवेट को दी है। इस सीरीज की शुरुआत 12 अगस्त से होगी और यह पहला मैच जमैका के सबीना पार्क में खेला जाएगा। इसके अलावा दूसरा मैच भी इसी मैदान पर खेला जाएगा, जो कि 20 अगस्त से शुरू होगा।

आईआईजीएफ का आयोजन 20 अक्टूबर से

नई दिल्ली। इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईआईजीएफ) - 2021 का तीन दिवसीय आयोजन 20 अक्टूबर से किया जायेगा और इसका का विषय डिजिटल इंडिया के लिए समावेशी इंटरनेट रखा गया है।

नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई), के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तथा इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईजीएफ) 2021 की समन्वय समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की और कहा कि इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र आधारित इंटरनेट गवर्नेंस फोरम नामक फोरम के भारतीय अध्याय की शुरूआत हो गई है।

यह इंटरनेट से संबंधित सार्वजनिक नीति के मुद्दों के बारे में चर्चा करने के लिए विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने के लिए इंटरनेट गवर्नेंस नीति विचार-विमर्श मंच है। संपर्क के इस तरीके का इंटरनेट गवर्नेंस के बहु-हितधारक मॉडल के रूप में उल्लेख किया जाता है। यह इंटरनेट की सफलता की एक मुख्य विशेषता रही है। संयुक्त राष्ट्र के तहत इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईजीएफ) और इंटरनेट कॉर्पोरेशन फॉर असाइन्ड नेम्स एंड नंबर्स (आईसीएएनएन) ने विविध हितधारक अवधारणा को अच्छी तरह से अपनाया है।

श्री जैन ने कहा कि भारत, विश्व का दूसरा सबसे बड़ा ब्रॉडबैंड सदस्यता वाला देश होने के साथ-साथ प्रति उपयोगकर्ता प्रतिमाह सबसे अधिक डेटा की खपत करने वाला देश है। इसलिए, भारतीयों की आकांक्षाएं अंतर्राष्ट्रीय नीति के निर्माण और हितधारकों के विचार-विमर्श में परिलक्षित होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ब्रॉडबैंड का विकास भारतीय समुदाय की जीवन शैली और आवश्यकताओं के अनुरूप है, इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (आईआईजीएफ) देश के लिए एक सुधारात्मक पहल है। आईजीएफ 2021 वैश्विक

नीरज, रवि और बजरंग पूनिया के गांवों में भी जश्न की तैयारी

नई दिल्ली । टोक्यो ओलम्पिक में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों स्वर्ण विजेता नीरज चोपड़ा, रजत विजेता रवि कुमार दहिया और कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के स्वागत की तैयारी इनके गांवों में भी की गई है।

सभी खिलाड़ियों के परिवार और गांव के कुछ लोग दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए मौजूद रहे। वहीं इन खिलाड़ियों के गांव पहुंचने पर गांववासियों की ओर से स्वागत किया जाएगा।

हरियाणा के सोनीपत में भी सिल्वर मेडलिस्ट रवि दहिया के घर पर जश्न का माहौल है। रवि के घर ढोल बज रहा है और चैंपियन बेटे के स्वागत के लिए सभी तैयार हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद पहलवान दीपक पूनिया ने कहा कि आप लोग का प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है, मैं देशवासियों को धन्यवाद करता हूं। 2024 के लिए तैयारी करूंगा और देश को मेडल दूंगा। यही हमारा जीत का जश्न होगा। पानीपत शहर में लगे नीरज चोपड़ा को बधाई के पोस्टर लगे हैं। नीरज चोपड़ा का स्वागत करने के लिए उनका पूरा गांव तैयार है। नीरज की जीत के बाद से ही पानीपत में जश्न मनाया जा रहा है।

ऑस्ट्रेलिया से बेशक सीरीज 4-1 से जीत ली, लेकिन यह आंकड़ा बांग्लादेश को भी दुख देगा

नई दिल्ली। बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच रिकॉर्ड मैच साबित हुआ, क्योंकि इस मैच में कई बड़े आंकड़े बने। सबसे पहले बात कर लेते हैं बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की। उन्होंने इस मैच में अपनी फिरकी के दम पर कंगारू टीम को बुरी तरह नचा दिया और 4 विकेट झटककर ऑस्ट्रेलिया टीम को शर्मिंदगी झेलने पर मजबूर कर लिया। इस दौरान शाकिब ने टी-20 क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए। इसके अलावा 62 रनों पर ऑलआउट होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पिछले 144 साल का अपना सबसे लोएस्ट स्कोर बनाया। इन रिकॉर्ड्स के बीच एक ऐसा भी रिकॉर्ड बना, जिसे ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ बांग्लादेश टीम भी भूलना चाहेगा और वह है रन रेट का। वैसे टी-20 सीरीज किसी भी देश के बीच खेली जाए, उसमें निश्चित तौर पर बड़े स्कोर के मैच देखने को मिलते हैं। लेकिन यहां एकदम उलटा हुआ है। बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस टी-20 सीरीज में ज्यादा लो-स्कोरिंग मैच देखने को मिले। ऐसा टी-20 सीरीज के सबसे आखिरी मैच में भी देखने को मिला। इसी के साथ यह पहली बाइलेटरल टी-20 सीरीज बन गई है, जिसमें 100 से अधिक ओवर फेंक गए और दोनों टीमों का रनरेट मिलाकर छह रन प्रति ओवर से भी कम रहा। इस मैच में स्पिनरों का बोलबाला देखने को मिला। पहले बांग्लादेश की पारी की बात कर लेते हैं, जहां ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही ओवर से स्पिनरों को गेंद थमा दी। कंगारू टीम की ओर से चार स्पिनरों ने गेंदबाजी की, जिसमें तीन स्पिनरों ने एक-एक विकेट झटका। इसमें एश्टन टर्नर, एश्टन एगर और एडम जाम्पा का नाम शामिल है।

आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होना आरंभ हो जाएगा और आप धन संबंधी मामलों में राहत का अनुभव करेंगे। रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

वृषभः- आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कारोबार के प्रति गंभीर रहेंगे और धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा। कार्यक्षेत्र में सक्रियता बढ़ेगी।

मिथुनः- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक आयोजन भी कर सकेंगे।

कर्कः- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ रहेगा और आमदनी में वृद्धि होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक समस्या आ सकती है।

सिंहः- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। साहित्य एवं लेखनकार्य के लिए समय अच्छा है। इच्छा विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

कन्याः- आज का दिन सामान्य रहेगा। आय में स्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक विषयों में संभलकर निर्णय लें।

तुलाः- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सकारात्मक संभावनाओं से भरा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में आर्थिक लाभ मिल सकता है। धनप्राप्ति के योग रहेंगे।

वृश्चिकः- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अचानक धन लाभ होने की संभावना जरूर बन रही है, लेकिन व्यापार करने वालों को कड़ी मेहनत करने पर सफलता मिलेगी।

धनुः- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूलता बनी रहने की संभावना है। कारोबार में अच्छा लाभ होगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं।

मकरः- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में मुनाफा मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

कुम्भः- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निवेश के लिए समय अधिक अनुकूल है। कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

मीनः- आज का दिन सामान्य रहेगा। आय के नवीन साधन प्राप्त होंगे। आर्थिक पक्ष कमजोर रहने से तनाव रह सकता है। ऑफिस के कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

प्रतीक गांधी अभिनीत वेब सीरीज का निर्माण करेंगे अभिनेता अजय देवगन

स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी की सफलता के बाद प्रतीक गांधी के सितारे बुलंदियों पर पहुंच गए थे। आज के दौर में वह एक उभरते हुए अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं। वह इस समय कई प्रोजेक्ट को लेकर व्यस्त हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह एक वेब सीरीज में नजर आएंगे, जिसे मशहूर अभिनेता अजय देवगन प्रोड्यूस करेंगे। इस वेब सीरीज का प्रसारण ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा।

अजय प्रतीक की वेब सीरीज सिक्स सस्पेक्ट्स को प्रोड्यूस करेंगे। लेट्स ओटीटी ग्लोबल की रिपोर्ट की मानें तो अजय इस प्रोजेक्ट का सह-निर्माण करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, अजय दिवंगत निर्माता विनय सिन्हा की बेटी प्रीति सिन्हा के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेंगे। इस संबंध में आधिकारिक जानकारी जल्द सामने आ सकती है। अजय ने इससे पहले तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर और शिवाय जैसे प्रोजेक्ट का निर्माण किया है।

यह सीरीज विकास स्वरूप के इसी नाम के मर्डर मिस्ट्री उपन्यास का आधिकारिक रुपांतरण है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरीज की शूटिंग फरवरी में शुरू हो चुकी थी, लेकिन इस प्रोजेक्ट से जुड़ी टीम ने इसे गोपनीय रखा था। इस किताब के राइट्स अजय और प्रीति ने खरीद लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने विकास की एक अन्य किताब द एक्सीडेंटल अपरेंटिस के राइट्स भी खरीद लिए हैं।

झटलेका मल्होत्रा हूबहू लगती हैं तमन्ना की हमशक्ल

बॉलीवुड सेलेब्स के कई हमशक्ल होते हैं जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. इन सेलेब्स के हमशक्ल इन्ही की तरह बहुत फेमस होते हैं. आज हम आपको एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की हमशक्ल के बारे में बताते हैं. तमन्ना की हमशक्ल भी एक स्टार हैं. तमन्ना भाटिया की हमशक्ल कोई और नहीं मिस इंडिया इंटरनेशनल 2014 झटलेका मल्होत्रा हैं. तमन्ना और झटलेका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. दोनों के लुक्स काफी मिलते हैं और फैंस को बहुत पसंद भी आते हैं. झटलेका इंडस्ट्री में कदम रख चुकी हैं.उन्होंने संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन हाउस से डेब्यू किया है. संजय लीला भंसाली फिल्म में पूनम ढिल्लन के बेटे अनमोल को लांच किया। भंसाली ने इस फिल्म में झटलेका को अनमोल के अपोजिट लीड रोल में लांच किया।

नाश्ते के लिए बनाएं हेल्दी बर्गर

वीक डे में वर्किंग प्रोफेशनल्स के पास नाश्ता बनाने के लिए इतना वक्त नहीं होता और नाश्ते को दिन का सबसे जरूरी मिल कहा जाता है तो ऐसे में इस सेहतमंद बर्गर से चला सकते हैं काम।

सामग्री :

100 ग्राम टोफू कद्दूकस किया हुआ, 1/2 फूलगोभी बारीक कटा हुआ, 1 बड़ा आलू उबला व कद्दूकस किया हुआ, 1 कप फ्रेंच बींस बारीक कटी हुई, 1/2 कप गाजर बारीक कटा हुआ, 1/2 कप हरी मटर, 2 कलियां लहसुन बारीक कटे हुए, 1 इंच अदरक का टुकड़ा बारीक कटा हुआ, 3 हरी मिर्च बारीक कटा हुआ, 1 टीस्पून चाट मसाला, 1/2 टीस्पून अमूचर पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2 टीस्पून तेल, 1 1/2 बेड क्रम्ब्स, 5 बर्गर बन्स

विधि :

बींस, फूलगोभी, मटर, गाजर को 10-15 मिनट तक उबलते पानी में डालकर पका लें। पानी से निकालकर अलग रख दें। पैन में तेल गर्म करें। इसमें अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालकर भूनेंगे। फिर उबली सब्जियां, टोफू, उबले आलू डालकर चलाएं। इसके बाद इसमें अमचूर पाउडर, चाट मसाला और नमक डालकर मिलाएं। 1 मिनट भूनकर गैस बंद कर थोड़ा ठंडा होने देंगे। साथ ही साथ इसमें ब्रेड क्रम्ब्स भी मिला देंगे। सब्जियों वाले मिश्रण से 5 बराबर-बराबर टिक्कियां बना लें और पैन में हल्का सा तेल डालते हुए पैटीज़ को सेंक लें। बर्गर बन्स को दो हिस्सों में काटकर प्रीहिटेड अवन में 2 मिनट गर्म कर लें। अब बन के निचले हिस्से पर पैटीज़, लैट्यूस लीफ, प्याज के गोल टुकड़े, टमाटर, शिमला मिर्च, मेयोनीज़, टमैटो सॉस डालें और रेडी आपका हेल्दी बर्गर।

शब्द सामर्थ्य- 167

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक166 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

सू-दोकू- 167

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 166 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7